गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)

GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया

GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail : info@gail.co.in

सं. न.दि./गेल/सचि./2016 15 नवंबर, 2016

सूचीकरण विभाग नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल प्लाट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा - कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई-400051	**सूचीकरण विभाग** बीएसई लिमिटेड पहली मंजिल, फिरोज जीजीभोय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, **मुंबई-400001**

प्रिय महोदय,

कृपया **"वित्त वर्ष 2016-17 की वर्षवार द्वितीय तिमाही में गेल के लाभ में 180% की वृद्धि कर पूर्व लाभ 151% बढ़कर 1.375 करोड़ रुपए; सकल मार्जिन 61%बढ़कर 1,851 करोड़ रुपये हुआ"** विषय पर प्रेस विज्ञप्ति की संलग्न प्रति प्राप्त करें।

यह आपकी जानकारी एवं रिकॉर्ड हेतु प्रेषित है।

सधन्यवाद,

भवदीय,

हस्ता.

(ए. के. झा)

कंपनी सचिव

संलग्नक : उपर्युक्तानुसार

प्रतिलिपि :

ड्यूश-बैंक एजी, फिलीअले मुंबई
टीएसएस एवं ग्लोबल इक्विटी सेवाएं,
द कैपिटल, 14वीं मंजिल,
सी-70, जी ब्लॉक,
बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई-400051

गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

वित्त वर्ष 2016-17 की वर्षवार द्वितीय तिमाही में गेल के लाभ में 180% की वृद्धि कर पूर्व लाभ 151% बढ़कर 1.375 करोड़ रुपए; सकल मार्जिन 61%बढ़कर 1,851 करोड़ रुपये हुआ

नई दिल्ली, 15 नवम्बर, 2016 : गेल (इंडिया) लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2016-17 की दूसरी तिमाही में कर पश्चात लाभ में पेट्रोकेमिकल करोबार में सुधार तथा ब्याज लागत में कमी के कारण 180% की वृद्धि दर्ज की। दिनांक 30 सितंबर 2016 को समाप्त तिमाही में कंपनी का कर पश्चात लाभ पिछले वित्त वर्ष के 330 करोड़ रुपए से बढ़ कर 925 करोड़ रुपए हो गया। गेल का कर पूर्व लाभ पिछले वित्त वर्ष के 548 करोड़ रुपए की तुलना में 151% बढ़कर 1,345 करोड़ रुपए हो गया।

छमाही आधार पर गेल का कर पश्चात लाभ (महानगर गैस लिमिटेड में स्टेक की बिक्री से अन्यथा) 146% बढ़कर 1,771 करोड़ रुपए हो गया।

वित्त वर्ष 2016-17 की द्वितीय तिमाही में गेल का कर पश्चात लाभ में प्रथम तिमाही (महानगर गैस लिमिटेड में स्टेक बिक्री से आय को छोड़कर) में 9% की वृद्धि दर्ज हुई। प्राकृतिक गैस ट्रांसमिसन और पेट्रोकेमिकल खंड में बेहतर निष्पादन के कारण इसमें 846 करोड़ रुपए से 925 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई। तिमाही के दौरान गेल के पेट्रोकेमिकल कारोबार में वर्षवार बिक्री में 61% की वृद्धि हुई। इसके परिणामस्वरूप इस खंड में राजस्व 53% बढ़कर 1,358 करोड़ रुपए तथा लाभ 104 करोड़ रुपए हो गया जबकि पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 364 करोड़ रुपए की हानि हुई थी।

वित्त वर्ष 2016-17 में वर्षवार दूसरी तिमाही में निवल लाभ में वृद्धि हुई थी जिसका कारण प्राकृतिक गैस विपणन एवं ट्रांसमिसन की मात्रा में क्रमशः 8% तथा 12% वृद्धि तथा तरल हाइड्रोकार्बन बिक्री में 9% की वृद्धि थी।